आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक :21.05.2025 समय : 02.10PM

**प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान के बीकानेर से 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इन स्टेशनों को अपग्रेड और पुनर्विकसित किया गया है। इन स्टेशनों को क्षेत्रीय संस्कृति और विरासत प्रदर्शित करते हुए शहर के केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इनमें मध्यप्रदेश के शाजपापुर, कटनी साउथ, सिवनी, नर्मदापुरम, ओरछा, श्रीधाम रेल्वे स्टेशन शामिल हैं। शाजापुर स्टेशन को योजना के तहत पुनर्विकसित कर भव्य आधुनिक और सुन्दर बनाया गया है, 13 करोड़ से ज्यादा की लागत से विकास कार्य किए गए हैं। भोपाल मंडल के डिविजनल इंजीनियर भारत भूषण दीक्षित ने बताया कि शाजापुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का खास ख्याल रखा गया है।

**राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा**

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का...। प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035। आईये अब सुनते हैं उज्जैन के भैरूलाल वक्तरिया का ये संदेश।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल दौरा**

ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के कूटनीतिक प्रयासों और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर करने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आज रवाना होने शुरु हो गए है। जेडीयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक सर्वदलीय शिष्टमंडल आज पांच देशों की यात्रा पर रवाना हुआ। यह शिष्टमंडल इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर का दौरा करेगा। बाकि दल भी आज रवाना होंगे।

**टीबी निक्षय**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज राजभवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, संस्थाओं को सम्मानित किया । साथ ही प्रदेशव्यापी 'स्वस्थ यकृत मिशन' का शुभारंभ किया। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में प्रदेश भर में क्षय (टीबी) रोग की पहचान, उपचार और जन-जागरूकता हेतु विशेष शिविर लगाए गए। आज से शुरु हुए स्वस्थ यकृत मिशन का उद्देश्य हेपेटाइटिस बी/सी, फैटी लिवर, सिरोसिस जैसी यकृत संबंधी बीमारियों के प्रति जन-जागरूकता, शीघ्र पहचान, उपचार तथा रोकथाम सुनिश्चित करना है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने और मरीजों के माध्यम से इसे फैलने से रोकने के लिए सभी सावधानियां रखनी चाहिए।

**आतंकवाद निरोधी दिवस**

आज आतंकवाद विरोधी दिवस है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कहा कि आतंकवाद से देश की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को राष्ट्रीय आतंक विरोधी दिवस पर सादर श्रद्धांजलि। इस अवसर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आकाशवाणी भोपाल में भी आज सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोध दिवस की शपथ ली। इसी तरह आकाशवाणी गुना में भी शपथ कार्यक्रम हुआ

**संक्षिप्त समाचार**

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित मध्यप्रदेश के उम्मीदवारों को सम्मानित किया।
2. धार जिले में कल राजा भोज स्मृति व्याख्यान माला के तहत पहले दिन 'रामराज्य की अवधारणा और स्वरूप' विषय पर प्रसिद्ध चिंतक, श्याम स्वरूप मनावत का व्याख्यान हुआ।
3. मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत का विदाई समारोह कल जबलपुर आयोजित किया गया। चीफ जस्टिस 24 मई को सेवा निवृत हो रहे हैं।
4. खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जल गंगा अभियान के तहत मनरेगा योजना में किये जा रहे कार्यों लापरवाही बरतने पर उपयंत्री को निलंबित कर दिया
5. आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में होगा।

---------------------------------